जून महीने में आठ बुनियादी उद्योगों का उत्पादन 12.7% बढ़ा

बुनियादी उद्योग में तेजी रोजगार के मौके लाएगी

नई दिल्ली, एजेंसी। आठ बुनियादी उद्योगों का उत्पादन जून महीने में 12.7 प्रतिशत बढ़ा। एक साल पहले की इसी महीने में इसमें 9.4% की वृद्धि हुई थी। शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार कोयला क्षेत्र की अगुवाई में आठ बुनियादी उद्योगों के उत्पादन में जोरदार तेजी आई है। विशेषज्ञों का कहना है कि इससे आने वाले दिनों में रोजगार के अवसर बढ़ सकते हैं।

जून में कोयला उत्पादन में 31% से अधिक का उछाल आया है। बिजली उत्पादन भी 15% से अधिक बढ़ा है। विशेषज्ञों का कहना है कि जून के लिए प्रमुख उद्योग क्षेत्रों में वृद्धि मजबूत रही। यह कोविड-19 की दूसरी लहर के दौरान के निचले आधार प्रभाव की वजह से है।

ऐसे पड़ता है रोजगार पर असर: देश के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक में बुनियादी उद्योगों की 40% से अधिक हिस्सेदारी है। ऐसे में बुनियादी उद्योग में तेजी मतलब है कि औद्योगिक उत्पादन की रफ्तार बढ़ेगी। ऐसे में कंपनियां मांग पूरी करने को भर्तियां करती हैं।

कहां कितनी तेजी

उत्पाद	वृद्धि
कोयला	31.1
रिफाइनरी	15.1
उर्वरक	8.2
सीमेंट	19.4
बिजली	15.5

वृद्धि प्रतिशत में

कोयला संकट के बीच रिकॉर्ड उत्पादन

देश में कोयला संकट की चुनौतियों के बीच जून में कोयला क्षेत्र में रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की गई है। समीक्षाधीन माह में इसमें 31 फीसदी की तेजी दर्ज की गई है जो मई के मुकाबले करीब दोगुना अधिक है। देश में 70 फीसदी बिजली कोयले से बनती है।

पूर्व मध्य रेल

ई-खुली निविदा सूचना

ई-निविदा संख्या-एचआरटी-एलएचबी-असेम्बली

उप मुख्य यांत्रिक अभियंता, सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना, हरनौत के द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए खुली